सुनले मुराद मेरी ओ मेरी मैया,
जयकारा लगाउंगी शेरवाली मैया,
मैं नंगे पाव आउंगी तेरे द्वारे मैया,
सुनले मुराद मेरी ओ मेरी मैया।।

जग ने रुलाया मुझको,
बहुत सताया मुझको,
किया अपमान मुझको,
बेगाना बनाया मुझको,
चरणों में जगह दे अपनी,
चरणों में जगह दे अपनी ओ मेरी मैया,
नंगे पाव आउंगी शेरावाली मैया,
जयकारा लगाउंगी शेरवाली मैया।।

सुनती हूँ तेरी कृपा,
सब पे बरसती है,
कब होगी आस पूरी,
आत्मा तरसती है,
विनती स्वीकार कर लो,
विनती स्वीकार कर लो शेरोवली मैया
नंगे पाव आउंगी शेरावाली मैया,
जयकारा लगाउंगी शेरवाली मैया।।

द्वार तेरे आने को,

मन ये तरसता है,
दर्शन पाने को,
आँखे बरसती है,
दरश दिखा दे अब तो,
दरश दिखा दे अब तो ज्योतावाली मैया
नंगे पाव आउंगी शेरावाली मैया,
जयकारा लगाउंगी शेरवाली मैया।।

सुनले मुराद मेरी ओ मेरी मैया,
जयकारा लगाउंगी शेरवाली मैया,
मैं नंगे पाव आउंगी तेरे द्वारे मैया,
सुनले मुराद मेरी ओ मेरी मैया।।

Singer Bhawna Sharma

Source: https://www.bharattemples.com/sunle-murad-meri-o-meri-maiya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw